THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

# QUESTION BANK [GRADE 8] CHAPTER -10

## कामचोर

**प्रश्न 1. 'कामचोर' पाठ के लेखिका का नाम बताएं।**

(क) महादेवी वर्मा

(ख) मन्नू भंडारी

(ग) सुभद्राकुमारी चौहान

(घ) इस्मत चुगताई

...ONAL SCHOOL

**प्रश्न 2. इस्मत चुगताई का जन्म कब हुआ था?**

(क) 15 अगस्त 1915

(ख) 12 अगस्त 1915

(ग) 11 अगस्त 1915

(घ) 16 अगस्त 1915

**प्रश्न 3. पाठ में कामचोर किसे बोला गया है?**

(क) नौकर को

(ख) लेखिका को

(ग) बच्चों को

(घ) सभी को

**प्रश्न 4. चार आना प्रति बच्चा के हिसाब से बच्चों को किससे नहलवाए गए?**

(क) बंगलों से आए नौकर से

(ख) लेखिका के पड़ोसियों से

(ग) राहगीरों से

(घ) इनमें से कोई नही

**प्रश्न 5. रसोइए को क्या तौलकर दी जा रही थी?**

(क) आटा

(ख) मशालें

(ग) चावल

(घ) मटर की फलियाँ

**प्रश्न 6. वाद-विवाद के बाद क्या तय हुआ ?**

(क) नौकरों को निकाल दिया जाए

(ख) बच्चों को काम दिया जाए

(ग) सभी अपना अपना काम करें

(घ) सब एक दुसरे से नाराज हो गए

**प्रश्न 7. काम करने के लिए कौन तैयार हो गया?**

(क) लेखिका

(ख) नौकर

(ग) बच्चे

(घ) सभी लोग

**प्रश्न 8. 'धींगामुश्ती' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) धक्का

(ख) धक्का-मुक्की

(ग) कुश्ती

(घ) नोक-झोंक

**प्रश्न 9. नल पर बच्चे क्यों टूट पड़े?**

(क) नल बंद करने के लिए

(ख) पानी भरने के लिए

(ग) नहाने के लिए

(घ) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 10. सूप में क्या था?**

(क) भेड़ों के लिए दाने

(ख) फलियाँ

(ग) अनाज

(घ) हरे घास

**प्रश्न 11. 'रौंदती' शब्द का क्या अर्थ है? -**

(क) झोंकना

(ख) दौड़ना

(ग) भागना

(घ) कुचलना

**प्रश्न 12. दिन-भर की भूखी भेड़ें क्या देखकर झपटीं?**

(क) दाने का सूप

(ख) तरकारी

(ग) घास

(घ) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 13. 'फलाँगती' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) छलाँग

(ख) झुकना

(ग) लांघना

(घ) इनमें से कोई नही

**प्रश्न 14. एक बड़ा सा मुर्गा कहाँ कूद पड़ा?**

(क) तसले में

(ख) अम्मा के खुले हुए पानदान में

(ग) पलंग पर

(घ) बरामदे में

**प्रश्न 15. 'अगाड़ी-पिछाड़ी' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) आगे-पीछे

(ख) आगे-दायें

(ग) दायें-पीछे

(घ) इनमें से कोई नही

**प्रश्न 16. हज्जन की माँ किससे मुँह ढक कर सो रही थी?**

(क) पल्लू से

(ख) रुमाल से

(ग) साड़ी से

(घ) दुपट्टे से

**प्रश्न 17. 'कोर्ट मार्शल' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) सैनिकों को मिलने वाली पुरस्कार

(ख) सैनिकों को मिलने वाली छुट्टी

(ग) सैनिकों को मिलने वाली सज़ा

(घ) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 18. बच्चों ने भैंस को किसकी चारपाई से बाँध दिया?**

(क) चाचा जी

(ख) बुआ जी

(ग) दादी जी

(घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 19. हज्जन की माँ क्या कहकर चीखने लगे ?**

(क) मारो-मारो

(ख) भगाओ- भगाओ

(ग) पकड़ो - पकड़ो

(घ) हाय-हाय

**प्रश्न 20. 'कामदानी' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) काम देने वाला

(ख) कामवाली

(ग) जिस पर कढ़ाई की गई हो

(घ) इनमें से कोई नही

**प्रश्न 21. किसकी अगाड़ी-पिछाड़ी बाँधने का तय हुआ?**

(क) भैंस की

(ख) भेड़ की

(ग) चारपाई की

(घ) पलंग की

**प्रश्न 22. 'कूट' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) खोलना

(ख) काटना

(ग) पीटना

(घ) रोकना

**प्रश्न 23. इस्मत चुगताई की मृत्यु ___ को हुआ था?**

(क) 24 अक्टूबर 1990

(ख) 24 अक्टूबर 1989

(ग) 24 अक्टूबर 1999

(घ) 24 अक्टूबर 1991

**प्रश्न 24. तख्त पर किसका दुपट्टा फैला हुआ था?**

(क) बानी दीदी का

(ख) अम्मा का

(ग) लेखिका का

(घ) इनमें से कोई नही

**प्रश्न 25. भैंसों का दूध दुहने के लिए कितने बच्चे थनों पर पिल पड़े**

(क) तीन

(ख) दो

(ग) चार

(घ) एक

## शब्दार्थ

a) दबैल - ____________________

b) घमासान - ____________________

c) सुराहियाँ - ____________________

d) मिसाल - ____________________

e) तनख्वाह - ____________________

f) मोरी - ____________________

g) दालान - ____________________

h) तकारी - ____________________

i) मातम - ____________________

j) लथपथ - ____________________

## ANSWERS

a) दबनेवाला

b) घोर , भयानक

c) घड़ा

d) उदाहरण

e) वेतन

f) नाली

g) बरामदा

h) सब्जी

i) शोक मनाना

j) सना हुआ

## पर्यायवाची शब्द

a) कामचोर = ____________ , ______________
b) युद्ध = ____________ , ______________
c) भेड़ = ____________ , ______________
d) शाम = ____________ , ______________
e) दूध = ____________ , ______________
f) तरकारी = ____________ , ______________
g) मशहूर = ____________ , ______________

## ANSWERS

a) निकम्मा , आलसी
b) रण , जंग , समर
c) मेष , मेढ़ा
d) साँझ , संध्या
e) क्षीर , पय
f) सब्ज़ी , शाक , भाजी
g) प्रसिद्ध , विख्यात

## विलोम शब्द

a) सीधा X ________________
b) असली X ________________
c) संकोच X ________________
d) लापरवाह X ________________
e) शांति X ________________

# ANSWERS

a) उल्टा
b) नकली
c) निःसंकोच
d) सावधान
e) अशांति

**अतिरिक्त प्रश्न**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित सवालों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए|**

**Question 1. कहानी में मोटे-मोटे किस काम के हैं? किन के बारे में और क्यों कहा गया?**

कहानी में 'मोटे-मोटे किस काम के हैं' बच्चों के बारे में कहा गया है क्योंकि वे घर के कामकाज में जरा सी भी मदद नहीं करते थे तथा दिन भर उधम मचाते रहते थे। इस तरह से ये कामचोर हो गए थे।

**Question 2. बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?**

बच्चों के उधम मचाने से घर अस्त-व्यस्त हो गया। मटके-सुराहियाँ इधर-उधर लुढक गए। घर के सारे बर्तन अस्त-व्यस्त हो गए। पशु-पक्षी इधर-उधर भागने लगे। घर में धूल, मिट्‌टी और कीचड़ का ढ़ेर लग गया। मटर की सब्जी बनने से पहले भेड़ें खा गईं। मुर्गे-मुर्गियों के कारण कपड़े गंदे हो गए। इस वजह से पारिवारिक शांति भी भंग हो गई। अम्मा ने तो घर छोड़ने का भी फैसला ले लिया।

**Question 3. "या तो बच्चाराज कायम कर लो या मुझे ही रख लो।" अम्मा ने कब कहा? और इसका परिणाम क्या हुआ?**

अम्मा ने बच्चों द्वारा किए गए घर के हालत को देखकर ऐसा कहा था। जब पिताजी ने बच्चों को घर के काम काज में हाथ बँटाने को कहा तब उन्होंने इसके विपरीत सारे घर को तहस-नहस कर दिया। जिससे अम्मा जी बहुत परेशान हो गई थीं। इसका परिणाम ये हुआ कि पिताजी ने घर की किसी भी चीज़ को बच्चों को हाथ ना लगाने कि हिदायत दे डाली। अगर किसी ने घर का काम किया तो उसे रात का खाना नहीं दिया जाएगा।

**Question 4. 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है?**

यह एक हास्यप्रधान कहानी है। यह कहानी संदेश देती है की बच्चों को घर के कामों से अनभिज्ञ नहीं होना चाहिए। उन्हें उनके स्वभाव के अनुसार, उम्र और रूचि ध्यान में रखते हुए काम कराना चाहिए। जिससे बचपन से ही उनमें काम के प्रति लगन तथा रूचि उत्पन्न हो न कि ऊब।

**Question 5. क्या बच्चों ने उचित निर्णय लिया कि अब चाहे कुछ भी हो जाए, हिलकर पानी भी नहीं पिएँगे।**

बच्चों द्वारा लिया गया निर्णय उचित नहीं था क्योंकि स्वयं हिलकर पानी न पीने का निश्चय उन्हें और भी कामचोर बना देगा। वे कभी-भी कोई काम करना सीख ही नहीं पाएँगें। बच्चों को काम तो करना चाहिए पर समझदारी के साथ। बड़ों को उनको काम सिखाना चाहिए और आवश्यकता अनुसार मार्गदर्शन देना चाहिए।

**Question 6. घर के सामान्य काम हों या अपना निजी काम, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुरूप उन्हें करना आवश्यक क्यों है?**

अपनी क्षमता के अनुसार काम करना इसलिए जरूरी है क्योंकि क्षमता के अनुरूप किया गया कार्य सही और सुचारु रूप से होता है। यदि हम अपने घर का काम या अपना निजी काम, नहीं करेंगे तो हम कामचोर बन जाएँगे। हमें अपने कामों के लिए आत्मनिर्भर रहना चाहिए।

**Question 7. भरा-पूरा परिवार कैसे सुखद बन सकता है और कैसे दुखद? कामचोर कहानी के आधार पर निर्णय कीजिए।**

भरा-पूरा परिवार तब सुखद बन सकता है जब सब मिल-जुलकर कार्य करें व दुखद तब बनता है जब सब स्वार्थ भावना से कार्य करें। कामों के क्षमतानुसार विभाजित करने से कहानी जैसी दुखद स्थिति से बचा जा सकता है। कार्यों को बाँटने से किसी दूसरे को काम करने के लिए कहने की जरुरत होगी और तनाव भी उत्पन्न नहीं होगा।

**Question 8. बड़े होते बच्चे किस प्रकार माता-पिता के सहयोगी हो सकते हैं और किस प्रकार भार? कामचोर कहानी के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।**

बडे होते बच्चे यदि माता-पिता को छोटे-मोटे कार्यों में मदद करें तो वे उनके सहयोगी हो सकते हैं जैसे अपना कार्य स्वयं, अपने-आप स्कूल के लिए तैयार हो जाएँ, अपने खाने के बर्तन यथा सम्भव स्थान पर रख आएँ, अपने कमरे को सहज कर रखें।

यदि हम बच्चों को उनका कार्य करने की सीख नहीं देते तो वह सहयोग के स्थान पर माता-पिता के लिए भार ही साबित होंगे। उनके बड़ा होने पर उनसे कोई कार्य कराया जाएगा तो वह उस कार्य को भली-भांति करने के स्थान पर तहस-नहस ही कर देंगे, जैसे की कामचोर लेख पर बच्चों ने सारे घर का हाल कर दिया था। इसलिए माता-पिता को बच्चों को उनके स्वभाव के अनुसार, उम्र और रूचि ध्यान में रखते हुए काम कराना चाहिए। जिससे बचपन से ही उनमें काम के प्रति लगन तथा रूचि उत्पन्न हो न कि ऊब। और उनके सहयोगी हो सके।

**Question 9. 'कामचोर' कहानी एकल परिवार की कहानी है या संयुक्त परिवार की? इन दोनों तरह के परिवारों में क्या-क्या अंतर होते हैं?**

कामचोर कहानी सयुंक्त परिवार की कहानी है इन दोनों में अन्तर इस प्रकार है -

एकल परिवार में सदस्यों की संख्या तीन से चार होती है - माँ, पिता व बच्चे होते है। सयुंक्त परिवार में सदस्यों की संख्या ज़्यादा होती है क्योंकि इसमें

चाचा-चाची ताऊजी-ताईजी, माँ-पिताजी, बच्चे सभी सम्मिलित होते हैं। एकल परिवार में सारा कार्य स्वयं करना पड़ता है जबकि संयुक्त परिवार में सबलोग मिल-जुलकर कार्य करते हैं। एकल परिवार में जीवन के सुख-दुख का अकेले सामना करना पड़ता है जबकि सयुंक्त परिवार में सारे सदस्य मिलकर जीवन के सुख-दुख का सामना करते है।

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL